**मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही)** : (क) से (ग) देश में 1987–88 में खोले जाने वाले केन्द्रीय विद्यालयों की संख्या और स्थानों के बारे में अभी तक निर्णय नहीं लिया गया है।

**भारतीय खिलाड़ियों के लिए कोचिंग व्यवस्था**

317. **श्री मीर्जा इर्शादबेग** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय खिलाड़ियों के स्तर को ऊपर उठाने तथा उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा के समकक्ष लाने के लिए वर्तमान में क्या कोचिंग व्यवस्था है ;

(ख) इस बारे में किस प्रकार और कहां-कहां सुधार की आवश्यकता है ;

(ग) क्या इस सम्बन्ध में कोई समीक्षा की गयी है और यदि हां, तो उसका क्या निष्कर्ष निकला ; और

(घ) विविध प्रकार के खिलाड़ियों को निरन्तर खेल तथा अभ्यास का समय और साधन मिलते रहे, इसके लिए कोचिंग की क्या नई व्यवस्था की गयी है ?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय में युवा कार्य और खेल तथा महिला और बाल विकास विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती मारग्रेट आल्वा)** : (क) इस समय विभिन्न खेल विषयों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रशिक्षण सुविधाएं पटियाला और नई दिल्ली में उपलब्ध हैं। इस प्रकार की सुविधाएं बंगलौर, कलकत्ता, गांधीनगर और इम्फाल में उत्पन्न की जा रही हैं।

(ख) से (घ) श्री के० पी० सिंह देव, संसद सदस्य की अध्यक्षता में एक समिति प्रशिक्षण के सभी पहलुओं पर विचार करने के लिए गठित की गई थी। डा० अमरीक सिंह की अध्यक्षता में अलग से एक विशेषज्ञ दल सियोल में वर्ष 1986 एशियाड में भारतीय दल के कार्यनिष्पादन पर भारतीय ओलम्पिक एसोसिएशन (आई०ओ०ए०) की रिपोर्ट का अध्ययन करने के लिए गठित किया गया था। प्रशिक्षण समिति और विशेषज्ञ दल की रिपोर्ट हाल ही में प्राप्त हुई है। तथापि, सियोल में 1988 ओलम्पिक और बेजिंग में 1990 एशियाई खेलों में भाग लेने के लिए खेल विषयों का पता लगाने जैसे कुछ कदम पहले ही उठाए गए हैं। इसके अतिरिक्त अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयारी हेतु वैज्ञानिक दृष्टिकोण और विदेशों में भाग लेने के लिए निर्धारित मापदण्डों का कड़ाई से पालन करने के लिए लघु अवधि और दीर्घकालीन प्रशिक्षण योजनाओं से संबंधित कुछ अन्य कदम भी उठाए गए हैं ताकि विदेशों में अच्छा कार्यनिष्पादन हो सके।

**अहमदाबाद विमानपत्तन से अंतर्राष्ट्रीय उडानें**

318. **श्री मीर्जा इर्शादबेग** : क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अहमदाबाद को अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए चुना गया है यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं,

(ख) क्या इस संबंध में कोई मांग प्रस्तुत की गयी; यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ; और

(ग) अहमदाबाद में यह सुविधा कब से प्रदान कर दिए जाने की संभावना है ?

**नागर विमानन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाईटलर)** : (क) जी, नहीं।

(ख) जी, हां, गुजरात राज्य सरकार, कुछ सरकारी तथा गैर-सरकारी संगठनों और कुछ व्यक्तियों से अहमदाबाद एयरपोर्ट के लिये वहां से अन्तर्राष्ट्रीय सेवायें आरम्भ करने के लिये मांगें प्राप्त हुई हैं।

(ग) इस समय अहमदाबाद पर अन्तर्राष्ट्रीय परिचालनों को शुरू करने की कोई योजनाएं नहीं हैं।